भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

507, कसमन्डा अपार्टमेन्ट्स, 2, पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ – 226001, भारत
फोनः +91-522-4016048 वेबसाइटः www.bhavanaindia.org ई.मेलः bhavanasindia@gmail.com

## समिति की साधारण सभा की बैठक (इक्कीसवाँ वार्षिक महाधिवेशन), दिनांक 21 मार्च, 2021, का कार्यवाही विवरण

**सभा स्थल** : इंजीनियर्स भवन प्रेक्षागृह, रिवर बैंक कालोनी, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।

**उपस्थिति** : समिति के कुल सदस्यों में से 107 सदस्य (प्रॉक्सी सहित) सभा में उपस्थित थे। कोरम पूरा था।

## कार्यवाही विवरण

1. उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम का संचालन **भावना** के सांस्कृतिक कार्य सचिव, साहित्यभूषण श्री देवकी +नन्दन 'शांत' द्वारा किया गया।
2. संचालक महोदय के अनुरोध पर **भावना** के अध्यक्ष माननीय श्री विनोद कुमार शुक्ल, मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री सुधीर चन्द्र वर्मा, समिति की एन.सी.आर. एवं येडा शाखाओं के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा तथा समिति के अति वरिष्ठ नागरिक (आयु 80+) सदस्य माननीय श्री सुभाष चंद्र चावला तथा माननीय डॉ. नरेन्द्र देव ने मंच पर आसन ग्रहण किया।
3. संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित सभी मंचासीन महानुभावों ने दीप प्रज्वलित करके सभा की कार्यवाही का औपचारिक शुभारम्भ किया। सभी उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया।
4. तदुपरान्त संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित सभी मंचासीन महानुभावों का समिति के पदाधिकारियों ने पुष्प–गुच्छ समर्पित करके स्वागत किया।
5. तदनन्तर संचालक महोदय के आह्वान पर सभा में उपस्थित सभी जनों ने खड़े होकर **भावना** के संकल्प–गीत का सामूहिक सस्वर पाठ किया जिसमें **भावना** के उद्येश्यों एवं कार्यक्रमों का संक्षिप्त उल्लेख है।
6. अध्यक्ष महोदय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अन्य अतिथियों, विशिष्ट सदस्यों, मीडिया के प्रतिनिधिगणों एवं सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया।
7. तदनन्तर मंचासीन महानुभावों द्वारा समिति के **शिक्षा सहायता कार्यक्रम** के अंतर्गत 11 विद्यालयों के कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत 30 बच्चों को **शिक्षा सहायता राशि** का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ के संयोजक श्री जगमोहन लाल जायसवाल द्वारा किया गया। प्रति छात्र/छात्रा 1200 रुपए की दर से संकलित धनराशियों की चेकें छात्रों/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्बंधित विद्यालयों के प्रतिनिधियों को इस प्रत्याशा से प्रदान की गयीं कि विद्यालयों द्वारा इन धनराशियों को सम्बंधित छात्रों/छात्राओं की फीस में अनिवार्य रूप से समायोजित किया जाएगा।
8. पुनः संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि, मंचासीन विशिष्ट अतिथियों तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के 80+ आयु के वयोवृद्ध सदस्यों, माननीय श्री सुभाष चंद्र चावला तथा माननीय डॉ. नरेन्द्र देव को बारी बारी से पुष्प–गुच्छ समर्पित करके एवं शॉल पहनाकर उनका सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। दोनों सदस्यों ने बारी बारी से सभा को सम्बोधित करते हुए अपने अनुभवों को को साझा किया।
9. **समिति की वार्षिक रिपोर्ट**

   तदनन्तर प्रमुख महासचिव श्री जगत बिहारी अग्रवाल द्वारा तैयार की गई समिति की वार्षिक रिपोर्ट अर्थात समिति में गत एक वर्ष में हुई गतिविधियों एवं आगामी लेखा–वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण सभा के समक्ष श्री

*क्रमशः......2*

जगमोहन लाल जायसवाल, उपमहासचिव ने प्रस्तुत किया तथा अनुरोध किया कि इस पर अधिवेशन के आन्तरिक सत्र में सभी सदस्य अपने–अपने विचार अवश्य रखें ताकि सदन की इच्छा के अनुरूप ही समिति के अगले लेखा–वर्ष के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए जा सकें। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा अन्य अतिथियों से भी अनुरोध किया कि वे भी इस विषय में अपने विचारों से हमें लाभान्वित करें ताकि तदनुसार समिति के भावी कार्यक्रमों को वरिष्ठ नागरिकों तथा समाज के निर्बल एवं असहायजनों के हितों के अनुरूप नियोजित किया जा सके। उन्होंने उन प्रस्तावों को भी सभा के विचारार्थ पढ़ा जो वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश सरकारों के सम्बंधित माननीय मंत्रियों तथा अधिकारियों को भेजे जाने प्रस्तावित हैं।

10. तदनन्तर मुख्य अतिथि तथा मंचासीन विशिष्ट–जनों द्वारा समिति के निम्नलिखित पदाधिकारियों का विगत सत्र में समिति के हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया तथा उन्हें प्रशस्ति–लेख एवं प्रतीक–उपहार दिए गए:

- ब्रिगेडियर अशोक कुमार पाण्डेय, विशिष्ट संरक्षक सदस्य का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- श्री जय शंकर मिश्र, विशिष्ट संरक्षक सदस्य का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- श्री जगत बिहारी अग्रवाल, प्रमुख महासचिव का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- श्री अनिल कुमार शर्मा, अध्यक्ष, एन.सी.आर. तथा येडा शाखा का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ल, उपमहासचिव(कार्यान्वयन) का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- विजयश्री फ़ाउन्डेशन (प्रसादम् सेवा) का कार्य **सर्वोत्तम** पाया गया।
- श्री जगमोहन लाल जायसवाल, उपमहासचिव(प्रशासन) का कार्य **अति उत्तम** पाया गया।
- श्री राम मूर्ति सिंह, सदस्य, का कार्य **अति उत्तम** पाया गया।
- श्रीमती बीना तिवारी, विशिष्ट सदस्य, का कार्य **अति उत्तम** पाया गया।
- श्री राजेन्द्र कुमार चुघ, कोषाध्यक्ष, का कार्य **अति उत्तम** पाया गया।

इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना ने कहा कि निर्धारित मानदंडों पर उपरोक्त पदाधिकारी तथा सदस्य ही खरे उतरे हैं, इस लिए उन्हें ही सम्मानित किया गया है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि अन्य पदाधिकारियों ने कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि समिति की प्रगति में सभी का योगदान रहा है।

11. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, **माननीय न्यायमूर्ति श्री सुधीर चन्द्र वर्मा** ने अपने सम्बोधन में कहा कि वे 15 वर्ष से अधिक समय से काफी निकट से देख रहे हैं कि **भावना** अपने सदस्यों के माध्यम से समाज सेवा कर रही है। इससे उनका मन संतुष्ट एवं प्रफुल्लित होता है तथा निराशावादी विचार उनके पास आ भी नहीं पाते हैं। उन्होंने **भावना** के उद्येश्यों एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि **भावना** इसी विचारधारा पर कार्य कर रही है और कदाचित इसी लिए इस संस्था से जुड़े बुजुर्गों में इतना उत्साह तथा इतनी ताजगी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि **भावना** के सदस्य दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर काम करते हैं और इसीलिए इनके अंदर इतना अधिक सेवाभाव है। उन्होंने कहा कि वे इसी लिए **भावना** के कार्यक्रमों में यथासम्भव अपना सहयोग देते रहे हैं आगे भी निरंतर देते रहेंगे।

12. सभा को **भावना** की एन.सी.आर. एवं येडा शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी सम्बोधित किया।

13. **धन्यवाद ज्ञापन**

संचालक महोदय के अनुरोध पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुशील शंकर सक्सेना, ने सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अन्य अतिथियों, सभा में उपस्थित सभी अन्य सदस्यों, महिलाओं तथा मीडिया के प्रतिनिधियों को समस्त प्रबन्धकारिणी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रबन्धकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने महाधिवेशन के आयोजन में अपना सक्रिय योगदान दिया।

इसके उपरान्त संचालक महोदय के अनुरोध पर अध्यक्ष महोदय ने सभा के उद्घाटन सत्र के समापन की घोषणा कर दी तथा सभी से सहभोज के लिए प्रस्थान करने हेतु निवेदन किया।

*क्रमशः....3*

## आन्तरिक सत्र

14. सहभोज के उपरान्त माननीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य अतिथियों को ससम्मान विदा करने के बाद सभा के आन्तरिक सत्र का शुभारम्भ हुआ। महासचिव(प्रशासन) श्री ओम प्रकाश पाठक ने माननीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना, प्रमुख महासचिव श्री जगत बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार चुघ तथा एन.सी.आर. एवं येडा शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा को मंच पर आसन ग्रहण करवाया।

15. अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर महासचिव(प्रशासन) ने सभा के आन्तरिक सत्र की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए सभा के समक्ष साधारण सभा की विगत बैठक (बीसवाँ वार्षिक महाधिवेशन, दिनांक 23 फरवरी, 2020) का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया। विचारोपरान्त सभा ने सर्वसम्मति से उसे अनुमोदित कर दिया।

16. तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर कोषाध्यक्ष, श्री राजेन्द्र कुमार चुघ, ने सर्वप्रथम वर्ष 2019–20 की सम्प्रेक्षक द्वारा सम्प्रेक्षित तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निरीक्षित बैलेन्स शीट तथा आय–व्यय लेखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही साथ उन्होंने उक्त वर्ष के बजट के सापेक्ष वास्तविक आय–व्यय का तुलनात्मक विवरण भी सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। विचारोपरान्त सभा ने इन सभी अभिलेखों को सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया।

पुनः कोषाध्यक्ष ने वर्ष 2021–22 के बजट प्रस्ताव निम्नानुसार प्रस्तुत किए :–

## वर्ष 2021–22 के बजट प्रस्ताव

प्रस्तावित बजट में 50 नए आजीवन सदस्य, 25 आजीवन स्पाउस सदस्य, 100 विशिष्ट सदस्य, 100 विशिष्ट स्पाउस सदस्य, 2 संस्थागत सदस्य, 5 ग्रामीण संस्थागत सदस्य तथा 10 वॉलन्टियर सदस्य बनाए जाने का संकल्प है।

### प्रस्तावित आय रुपए में

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्ष 2019–20 का अवशेष ( अनुमानित ) | | 28,41,000.00 |
| | अ. बैंक में फिक्स डिपाजिट – लखनऊ में | 2,70,000.00 | |
| | – ओबरा में | 1,41,000.00 | |
| | ब. बचत खाते में एवं नगद अवशेष ( अनुमानित ) | 30,000.00 | |
| | स. एन.सी.आर. में ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु दिनांक 31/03/2021 को उपलब्ध धनराशि ( अनुमानित ) | 24,00,000.00 | |
| 2. | 50 नये आजीवन सदस्य | 50×2500 | 1,25,000.00 |
| 3. | 25 नये आजीवन स्पाउस सदस्य | 25×500 | 12,500.00 |
| 4. | 100 नये आजीवन विशिष्ट सदस्य | 100×6000 | 6,00,000.00 |
| 5. | 100 नये आजीवन विशिष्ट स्पाउस सदस्य | 100×1000 | 1,00,000.00 |
| 6. | 2 नये संस्थागत सदस्य | 2×6000 | 12,000.00 |
| 7. | 5 नये ग्रामीण संस्थागत सदस्य | 5×2000 | 10,000.00 |
| 8. | 10 नये वॉलन्टियर सदस्य | 10×1500 | 15,000.00 |
| 9. | भावना संदेश शुल्क एवं विज्ञापन | | 1,00,000.00 |
| 10. | आस्था एवं अवध अस्पताल की सदस्यता हेतु वार्षिक शुल्क | 100×200 | 20,000.00 |
| 11. | समिति के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सम्भावित दान | | 15,00,000.00 |
| 12. | शिक्षा सहायता योजना के लिए सम्भावित दान | | 5,00,000.00 |
| 13. | स्थापना दिवस एवं वार्षिक अधिवेशन से प्राप्त पंजीकरण शुल्क | 100×300 | 30,000.00 |
| 14. | एन.सी.आर. में ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु सम्भावित अंशदान/दान | | 5,00,00,000.00 |
| 15. | भावना कम्पैनियनशिप फ़न्ड | | 3,00,000.00 |

*क्रमशः....4*

| | |
|---|---|
| कुल सम्भावित आय | **5,61,65,500.00** |

## प्रस्तावित व्यय रूपए में

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय स्टेशनरी | | 80,000.00 |
| 2. | टाईप / फोटोकापी | | 80,000.00 |
| 3. | डाक टिकट / कोरियर / फैक्स | | 80,000.00 |
| 4. | प्रचार–प्रसार सामग्री | | 2,00,000.00 |
| 5. | टेलीफोन किराया | | 20,000.00 |
| 6. | डाक रनर / चपरासी (पूर्णकालिक) | | 80,000.00 |
| 7. | कार्यालय सहायक (पूर्णकालिक) | | 80,000.00 |
| 8. | वार्षिक अधिवेशन पर व्यय | | 90,000.00 |
| 9. | भावना–संदेश का प्रकाशन | | 80,000.00 |
| 10. | मासिक विचार गोष्ठियों पर व्यय | | 1,00,000.00 |
| 11. | चार्टर्ड अकाउन्टेण्ट की फीस | | 25,000.00 |
| 12. | लीगल फीस | | 50,000.00 |
| 13. | कम्प्यूटर एवं वेबसाइट का रख–रखाव | | 40,000.00 |
| 14. | स्थापना दिवस एवं शिक्षा सहायता राशि वितरण समारोह पर व्यय | | 90,000.00 |
| 15. | कार्यालय भवन किराया | | शून्य |
| 16. | कार्यालय हेतु विद्युत व्यवस्था | | शून्य |
| 17. | आस्था एवं अवध अस्पताल की सदस्यता हेतु वार्षिक शुल्क | 100×300 | 30,000.00 |
| 18. | अन्य प्रकीर्ण व्यय | | 10,000.00 |
| | | कुल व्यय | **11,35,000.00** |

## विभिन्न सेवा कार्यक्रमों पर व्यय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भावना कम्पैनियनशिप | 3,05,000.00 |
| 2. | भावना हेल्पलाइन | 5,000.00 |
| 3. | भावना सेकेण्ड कैरियर | 2,500.00 |
| 4. | भावना सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ | 25,000.00 |
| 5. | भावना महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ | 15,000.00 |
| 6. | भावना सोशल सर्विस | 13,00,000.00 |
| 7. | भावना आध्यात्मिक सेवायें | 25,000.00 |
| 8. | भावना स्वास्थ्य सेवायें | 1,00,000.00 |
| 9. | भावना एजूकेशन एण्ड लिटरेसी सेवायें | 5,00,000.00 |
| 10. | येडा को ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु खरीदी जाने वाली जमीन की किस्तें एवं ओल्ड एज होम के निर्माण आदि पर किया जाने वाला व्यय | 4,92,00,000.00 |
| 11. | श्री अनिल कुमार शर्मा से लिये गये उधार की वापसी व्याज सहित | 32,00,000.00 |
| | योग | **5,46,77,500.00** |

*क्रमशः....5*

कुल प्रस्तावित व्यय **5,58,12,500.00**

**कुल अनुमानित बचत (5,61,65,500.00–5,58,12,500.00) 3,53,000.00**

**विशेषः–**

1. व्यय आवश्यकतानुसार वास्तविक आय के अनुरूप कम से कम किया जायेगा।
2. प्रबंधकारिणी की बैठकों का व्यय गत वर्षों की भाँति समिति के पदाधिकारियों द्वारा ही बारी–बारी से वहन किया जाना प्रस्तावित है।
3. नए प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिये आय के अनुरूप अतिरिक्त व्यय किया जाना भी प्रस्तावित है।
4. वर्ष 2016–17 में श्री अनिल कुमार शर्मा से ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु येडा से जमीन लेने के लिये 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर 27 लाख रुपए का ऋण लिया गया है।

विचारोपरान्त सभा ने सर्वसम्मति से इन बजट प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया।

17. **खुला सत्र**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महासचिव(प्रशासन) ने खुला सत्र प्रारम्भ करते हुए सदस्यों से अनुरोध किया कि वे समिति की वार्षिक रिपोर्ट पर, मुख्य अतिथि महोदय के सम्बोधन में निहित बिन्दुओं पर तथा अन्य विभिन्न प्रस्तावों पर बारी–बारी से अपने–अपने विचार व्यक्त करें तथा यदि समिति एवं सदस्यों तथा समाज के कमजोर वर्ग के हित से सम्बन्धित कोई अन्य प्रस्ताव उनके पास हों तो उन्हें भी सदन के समक्ष रखें। सभा में उपस्थित सदस्यों ने तदनुसार अपने–अपने विचार सदन के समक्ष रखे। भली प्रकार विचार–विमर्श के उपरान्त सभा द्वारा सर्वसम्मति से समिति की वार्षिक रिपोर्ट सहित उन प्रस्तावों को भी अनुमोदित कर दिया गया जो वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश सरकारों के सम्बंधित माननीय मंत्रियों तथा अधिकारियों को भेजे जाने प्रस्तावित हैं।

18. **समापन सत्र**

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आह्वान किया किः

- सदस्यगण सुप्त सदस्य बनकर न रहें अपितु समिति के कार्यक्रमों में अपना सक्रिय योगदान दें।
- प्रत्येक सदस्य आगामी वर्ष में अपने माध्यम से कम से कम दो नए सदस्य अवश्य ही बनवाने का प्रयास करे।
- जिन सदस्यों ने अपनी विवाह की तारीख समिति कार्यालय में अभी तक उपलब्ध नहीं कराई है वे कृपया यह अति आवश्यक विवरण यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें।
- बदले हुए पते, फोन नम्बर तथा/अथवा ई.मेल आई.डी. की जानकारी भी यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें। पुराने सदस्यों के मोबाइल नम्बर समिति कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं। वे कृपया यह विवरण भी उपलब्ध करा दें।
- जिन सदस्यों की ई.मेल आई.डी. समिति कार्यालय में उपलब्ध नहीं है वे कृपया यह विवरण भी उपलब्ध करा दें। यह अति आवश्यक है क्योंकि अब सारा पत्राचार एवं सूचनाओं आदान प्रदान ई.मेल के माध्यम से ही किया जा रहा है।
- सूचनाओं का आदान प्रदान **Whatsapp** पर भी किया जा रहा है। जिन सदस्यों के पास स्मार्ट मोबाइल फोन नहीं है वे कृपया इसकी व्यवस्था कर लें ताकि वे ई.मेल तथा/अथवा **व्हाट्सैप** के माध्यमों का उपयोग भली प्रकार कर सकें।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महासचिव(प्रशासन) के अनुरोध पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माननीय श्री सुशील शंकर सक्सेना ने सभी उपस्थित जनों को इस बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया तथा प्रबंधकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जो इस आयोजन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे तथा जिनके प्रयास से ही यह आयोजन सफल हो सका। उन्होंने श्री देवकी नन्दन 'शांत' को विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने अधिवेशन के उद्घाटन सत्र का बहुत ही कुशलता के साथ संचालन किया। इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा के समापन की घोषणा कर दी गई।

(ओम प्रकाश पाठक)
महासचिव(प्रशासन)
मो. 09415022932